छिंदवाड़ा | रविवार | 23 अगस्त 2026 | वर्ष 26 | अंक 134 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

5 पटना में प्रोफेसर भर्ती पर संग्राम

4 वनमाली की प्रदर्शनी में विश्वस्तरीय चित्रकृतियों से अफ़ज़ल को किया याद

9 गिल-यशस्वी पर कोलंबो टेस्ट में बड़ी पारी का दबाव

8 बांग्लादेश को लेकर कैसी हो भारत की कूटनीति

## वंदे मातरम से समझौता नहीं

### बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस पर पलटवार

नए पदाधिकारियों से पीएम मोदी ने युवाओं से जुड़ने और उन्हें समझने को कहा.

**नई दिल्ली, 22 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस पर पलटवार करते हुए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया. जिसमें स्पष्ट कर दिया गया कि वंदे मातरम के सम्मान और उसकी ऐतिहासिक विरासत के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा. यह प्रस्ताव कांग्रेस की हाल में हुई सीडब्ल्यूसी की बैठक में लिए गए वंदे मातरम के सिर्फ दो छंद ही गाने के निर्णय पर कड़ा प्रहार है.**

बैठक के बाद बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने इस संबंध में कहा कि भारतीय जनता पार्टी, वंदे मातरम को भारत का राष्ट्रीय गीत, भारत माता के प्रति श्रद्धा की अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता संग्राम का मंत्र और भारत की राष्ट्रीय चेतना का अमर प्रतीक मानती है.

**नई कार्यसमिति की पहली बैठक में पारित प्रस्ताव**

1. कांग्रेस कार्यसमिति के 1937 के प्रस्ताव को दोहराते हुए वंदे मातरम के प्रथम दो पदों तक गायन सीमित करने के निर्णय की कड़ी निंदा करेगी.
2. पूर्ण वंदे मातरम के सम्मान, गरिमा, विरासत और राष्ट्रीय स्वरूप की रक्षा करेगी, इसे भारत का राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रीय चेतना का अमर प्रतीक और स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली विरासत मानेगी.
3. भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से देशव्यापी अभियान चलाएगी, जिसके अंतर्गत वंदे मातरम का इतिहास, अर्थ, राष्ट्रीय महत्व और गौरवशाली विरासत भारत के हर कोने तक पहुंचाई जाएगी.

**युवाओं के बीच जाएंगे विनोद तावड़े और स्मृति ईरानी**

भारतीय जनता पार्टी ने देश के युवाओं और जनरेशन जी के साथ संपर्क मजबूत करने के लिए विशेष आउटरीच कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है. इसके लिए एक केंद्रीय टीम बनाई गई है, जिसमें राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी और विनोद तावड़े के अलावा गुजरात के मंत्री हर्ष सांघवी तथा छत्तीसगढ़ के मंत्री ओपी चौधरी शामिल हैं. टीम का उद्देश्य युवाओं की अपेक्षाओं, चिंताओं को जनना और पार्टी तक पहुंचाना है.

**संगठन मजबूत बनाने पार्टी ने बनाया कनेक्ट प्लान**

बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और केंद्र तथा राज्य सरकारों की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई. इसी दौरान जेन - जी यानी नई युवा पीढ़ी से संपर्क बढ़ाने के लिए विशेष आउटरीच कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई. पार्टी के प्रस्तावित अभियान का नाम 'युवा संवाद' रखा गया है. इसके तहत युवाओं से संपर्क किया जाएगा.

## महिलाएं केवल बेटी, पत्नी, माँ तक ही सीमित नहीं

### राहुल ने कहा- 70 करोड़ लोगों के सपने और विचार भारत की असली ताकत

**पुणे, 22 अगस्त. कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम शनिवार को पुणे में शुरू हुआ. कार्यक्रम में केवल छात्राओं की भागीदारी रही. मंच पर पहुंचने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि वह राजनीति की चर्चा करने नहीं आए हैं, बल्कि छात्राओं को अपनी बात रखने का मौका देना चाहते हैं.**

उन्होंने कहा कि वे जानना चाहते हैं कि युवा क्या सोचते हैं और क्या चाहते हैं. इसके बाद उनके विचारों पर चर्चा करने की बात भी कही. राहुल ने भारत के युवाओं की ताकत को लोगों के सपनों और विचारों से जोड़ते हुए कहा कि देश में करोड़ों लोगों के सपने और सोच उसकी सबसे बड़ी शक्ति हैं. उन्होंने महिलाओं की पहचान और स्वतंत्रता के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी. राहुल ने कहा कि महिलाओं को केवल बेटी, पत्नी या मां की भूमिकाओं तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए. उनके मुताबिक, हर महिला की अपनी स्वतंत्र पहचान है और उसे किसी दूसरे व्यक्ति पर निर्भर नहीं होना चाहिए. मालूम हो इससे पहले के कार्यक्रमों में राहुल ने युवाओं से जुड़े मुद्दों को उठाया और उन पर बात की थी.

**कार्यक्रम से पहले एबीवीपी और एनएसयूआई में भिड़ंत**

'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से पहले राहुल गांधी कोटा, देहरादून और प्रयागराज में छात्रों से बातचीत कर चुके हैं. इन संवादों में उन्होंने पेपर लीक, परीक्षा व्यवस्था और शिक्षा प्रणाली में सुधार जैसे विषयों को उठाया था. पुणे में भी कार्यक्रम का केंद्र युवाओं और शिक्षा से जुड़े सवाल रहे. कार्यक्रम के लिए पुलिस की ओर से करीब 30 शर्तों के साथ अनुमति दिए जाने की बात सामने आई है. राहुल गांधी पुणे पहुंचने के बाद कार्यक्रम स्थल पर गए और मंच से उपस्थित लोगों का अभिवादन किया.

## जज भगवान नहीं, हर फैसला सही नहीं हो सकता : करोल

### विदाई समारोह में बोले सुको के जस्टिस

**नई दिल्ली, 22 अगस्त. सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय करोल ने अपने विदाई संबोधन में न्याय की प्रक्रिया को मानवीय दृष्टिकोण से देखने की जरूरत पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि न्यायाधीश भगवान नहीं होते और उनसे हर निर्णय के पूरी तरह सही होने की अपेक्षा नहीं की जा सकती.**

न्यायिक जिम्मेदारी निभाने के लिए विनम्रता आवश्यक है और अदालत के सामने उपस्थित व्यक्ति को सिर्फ उसकी याचिका या मामले के तथ्यों तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए. संविधान

न्यायाधीशों से कानून का केवल सही इस्तेमाल करने की अपेक्षा नहीं करता, बल्कि उसे न्यायपूर्ण तरीके से लागू करना भी जरूरी है. अदालत में किसी व्यक्ति की स्थिति और उससे जुड़ी उम्मीदों को समझना भी न्याय का हिस्सा है.

## इंडिगो विमान की टेल टकराई, टला हादसा

**गोरखपुर.** गोरखपुर एयरपोर्ट पर दिल्ली से पहुंची इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2381 की लैंडिंग के दौरान विमान के पिछले हिस्से के जमीन से टकराने की घटना सामने आई. विमान में कर सहित 178 लोग मौजूद थे. लैंडिंग के दौरान स्थिति को देखते हुए पायलट ने विमान को दोबारा हवा में ले जाने का निर्णय लिया. कुछ समय बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल से मंजूरी मिलने पर विमान को दूसरी कोशिश में सुरक्षित उतारा गया. उतरने के बाद हुई नियमित तकनीकी जांच में पिछले हिस्से में ऑक्जिलरी पावर यूनिट के नजदीक खरोंच के निशान पाए गए.

## एंडोस्कोप कैमरे से पेपर लीक

### प्रोफेसर ने छात्रों को 11 हजार में बेचा

**रायपुर, 22 अगस्त. इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष के कीटशास्त्र विषय के प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है.**

जांच में प्रोफेसर योगेश सोनकेसरिया को कथित तौर पर मुख्य आरोपी बताया गया है. पांच लोगों को भी गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं. योगेश सोनकेसरिया दुर्ग जिले के एक कृषि महाविद्यालय में वर्ष 2019 से प्रोफेसर है. वह करीब एक वर्ष से अपने संस्थान की उत्तर पुस्तिकाएं जमा करने और आगामी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लेने के लिए रायपुर कृषि महाविद्यालय आता था.

**सीलबंद लिफाफे में बनाया वीडियो**

जांच में सामने आया कि 17 अगस्त को योगेश कॉलेज पहुंचा था और वह 20 अगस्त को होने वाली कीटशास्त्र परीक्षा का सीलबंद लिफाफा अपने घर ले गया. घर में लिफाफे में छोटा छेद किया और एंडोस्कोपी कैमरे से प्रश्नपत्र का वीडियो बनाया और 3 छात्रों को 11 हजार रुपये में बेचा. पुलिस अब आगे की जांच कर रही है.

## विदेश के भरोसे आत्मनिर्भता का ढोंग

### शकर के दामों पर खड़गे का पलटवार

**नई दिल्ली, 22 अगस्त. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चीनी की बढ़ती कीमतों और घटते भंडार को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा. सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने सवाल किया कि दुनिया के प्रमुख चीनी उत्पादकों में शामिल भारत में उपलब्ध स्टॉक नौ साल के निचले स्तर तक कैसे पहुंच गया.**



उन्होंने 10 लाख टन रॉ शुगर के शुल्क-मुक्त आयात की मंजूरी पर भी सवाल उठाया. जब देश आत्मनिर्भरता की बात करता है, तब विदेश से चीनी खरीदने की जरूरत क्यों पड़ रही है. उन्होंने गन्ने को एथेनॉल उत्पादन के लिए इस्तेमाल किए जाने का मुद्दा भी उठाया. एक ओर घरेलू बाजार में कीमतें बढ़ रही हैं और दूसरी तरफ उत्पादन संसाधनों का इस्तेमाल दूसरे उद्देश्यों में किया जा रहा है.देश के कई शहरों में चीनी का खुदरा भाव 70 किलो तक पहुंच गया है. पिछले तीन महीनों में कीमत 19 प्रति किलो बढ़ने की बात सामने आई है. सरकार ने दाम नियंत्रित करने के लिए 10 लाख टन रॉ शुगर आयात करने की अनुमति दी है.

## हाफिज सईद समेत छह पाकिस्तानियों पर शिकंजा

**मुंबई, 22 अगस्त. 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मामले में पाकिस्तान में मौजूद छह फरार आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ाने की प्रक्रिया तेज हो गई है. मुंबई पुलिस की ओर से मामले में उद्घोषणा आदेश जारी किया गया है.**

इसमें लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी समेत छह पाकिस्तानी नागरिकों को अदालत के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है. लोक अभियोजक उज्ज्वल निकम इस कार्रवाई की जानकारी दी. उनके अनुसार, 30 जून को जारी उद्घोषणा आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा गया था और मंत्रालय ने 3 अगस्त को उसके प्राप्त होने की पुष्टि की.

## कच्छ के कबाड़ यार्ड में धमाका, 4 की मौत

**कच्छ.** गुजरात के कच्छ जिले के नखत्राणा में शनिवार को स्क्रैप यार्ड के भीतर हुए अचानक विस्फोट ने एक परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया. संतकृपा होटल के पीछे स्थित कबाड़ के बाड़े में हुए धमाके की चपेट में आने से चार लोगों की मौके पर ही जान चली गई. मृतकों में दो सगे भाई और उनके दो बच्चे शामिल हैं. हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. घटना उस समय हुई जब दोनों भाई पिकअप वाहन से कबाड़ उतार रहे थे.

### एक नजर में

**सिख दंगा पीड़ितों ने कांग्रेस का पुतला फूंका**

**नई दिल्ली.** 1984 के सिख विरोधी दंगों से प्रभावित परिवारों ने शनिवार को राहुल गांधी के आवास के बाहर प्रदर्शन कर पुतला जलाया. यह विरोध उन बयानों को लेकर था, जिनमें पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार के निधन को पार्टी के लिए बड़ी क्षति बताया गया था.

**आईएएस अफसर एयरपोर्ट से लापता**

**बेंगलुरु.** कर्नाटक के 2016 बैच के आईएएस अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार के 20 अगस्त से लापता हैं. परिवार और अन्य संबंधित लोग उनसे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं. राज्य गृह मंत्री प्रियांक खरगे ने पुष्टि करते हुए कहा कि अधिकारी उनकी तलाश कर रहे हैं.

**पहली बार महिला हो सकती है यूएन महासचिव**

**न्यूयॉर्क.** संयुक्त राष्ट्र के 80 साल के इतिहास में पहली बार किसी महिला के महासचिव बनने की संभावना है. मौजूदा महासचिव एंतोनियो गुटेरेस का दूसरा पांच साल का कार्यकाल 31 दिसंबर 2026 को समाप्त होगा.

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा
एलडी कोर्ट रिसीवर के माध्यम से अनुवीक्षित
आवासीय परियोजना

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
द्वारा निष्पादित

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

एस्पायर
सिलिकॉन सिटी
सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश

- निकटतम मेट्रो स्टेशन (एक्वा लाइन): नोएडा सेक्टर-50 और सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन
- इंडिया गेट: 35 मिनट
- स्पेक्ट्रम मॉल के पास
- प्रसिद्ध स्कूलों के निकट
- आनंद विहार आईएसबीटी / रेलवे स्टेशन - 30 मिनट
- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट) - 50 मिनट

मालसूची: आधुनिक सुविधाओं सहित विशाल 4 बी.एच.के अपार्टमेंट्स

परियोजना स्थल का विवरण: 28°34'12.0"N 77°22'45.6"E

| ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 24.08.2026 | ई-नीलामी की तिथि: 25.08.2026 | ईएमडी: ₹8.33 करोड़ | कुल बिक्री मूल्य: ₹416.53 करोड़ | आरक्षित मूल्य ₹10,999/- प्रति वर्ग फुट |
|---|---|---|---|---|

ई-नीलामी दस्तावेज देखने के लिए क्यू आर स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें: https://nbccauction.enivida.com | या 97729 07414

लोकेशन देखने के लिए क्यू आर स्कैन करें

**नवाचार** | आईआईटी के रिसर्च में तैयार हुई 3 लाख डीएनए की लाइब्रेरी

## डीएनए के जरिए कैंसर की जड़ तक पहुंचेगा एआई

**दिल्ली, 22 अगस्त. दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने एक ऐसा जनरेटिव एआई प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जो कैंसर के मरीजों के डीएनए में हुई क्षति का विश्लेषण कर पता लगाने में मदद कर सकता है कि बीमारी के विकास में किस पर्यावरणीय रसायन या विषैले पदार्थ का संभावित योगदान रहा.**

म्यूटएआईवर्स दुनिया में पहला जनरेटिव एआई प्लेटफॉर्म है. इसका परीक्षण असम के गुवाहाटी में सिर और गर्दन के कैंसर से पीड़ित 27 लोगों पर

किया गया. अध्ययन में मरीजों के नमूनों के विश्लेषण से संभावित जोखिम कारक के रूप में धुआंरहित तंबाकू के सेवन की पहचान की गई. इस शोध में गुवाहाटी स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च और सीएसआईआर- इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी के शोधकर्ता भी शामिल थे. अध्ययन के प्रमुख लेखक और आईआईआईटी-दिल्ली के कंप्यूटेशनल बायोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर गौरव आहूजा ने कहा कि आमतौर पर यह सवाल कम पूछा जाता है कि किसी व्यक्ति को कैंसर होने के पीछे संभावित कारण क्या था. यह तकनीक हर उस कारण को खोज निकालेगी जिससे संबंधित व्यक्ति कैंसर की चपेट में आया.

**फिलहाल क्लिनिकल डायग्नोस्टिक टूल नहीं**

अशोका विश्वविद्यालय के कंप्यूटेशनल बायोलॉजिस्ट और जीवविज्ञान के प्रोफेसर केदार नटराजन ने कहा कि भारत में सिर और गर्दन के कैंसर के मामलों में, खासकर पूर्वोत्तर क्षेत्र में, धुआंरहित तंबाकू और सुपारी का सेवन प्रमुख जोखिम कारकों में शामिल है.

**'एडक्टलिंकर'' ऐसे करता है काम**

डीएनए की पहचान होती है, तो 'एडक्टलिंकर' उस क्षति से पीछे की ओर जाकर यह पता लगाने की कोशिश करता है कि कौन सा पर्यावरणीय रसायन या कार्सिनोजेन उस डीएनए क्षति से जुड़ा हो सकता है. इसके आधार पर रासायनिक संपर्क की जानकारी तैयार करता है.